सूर्यवंशी, सड़क 2 में अपने बैड मैन के किरदार के लिए उत्साहित हैं गुलशन ग्रोवर

सीनियर ऐक्टर गुलशन ग्रोवर अभी उस काम को करने में व्यस्त हैं जिसके लिए उन्हें बॉलिवुड स्क्रीन पर हमेशा से सराहा गया है। सूर्यवंशी, सड़क 2 और मुंबई सागा जैसी बॉलिवुड की बड़ी फिल्मों में काम करने के चलते अभी वह काफी व्यस्त हैं। सबसे खास बात यह है कि एक बार फिर से खलनायक की भूमिकाएं निभाने को लेकर वह काफी खुश हैं।

ग्रोवर ने अपने इंटरव्यू में कहा, फिलहाल मैं तीन मेगा फिल्मों में काम कर रहा हूं। उनमें से एक रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी है जिसे वह रिलायन्स एंटरटेनमेंट, करण जौहर और अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं। मेरे करियर में अब तक मेरे साथ काम करने वाले सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से रोहित एक हैं। मैं फिल्म में एक विलन का किरदार निभा रहा हूं।

फिल्मकार महेश भट्ट फिल्म सड़क 2 से फिर से निर्देशक की कुर्सी संभालने जा रहे हैं और इस फिल्म का हिस्सा बनकर ग्रोवर काफी उत्साहित हैं। इसमें उनके साथ संजय दत्त, पूजा भट्ट, आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर हैं। उन्होंने कहा, मैं सड़क 2 में अपने पसंदीदा निर्देशक महेश भट्ट साहब के साथ काम कर रहा हूं। वह कई सालों बाद किसी फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं। इसमें भी मैं विलन का किरदार निभा रहा हूं।

ग्रोवर के पास संजय गुप्ता की आगामी फिल्म मुंबई सागा भी है। इसके बारे में उन्होंने कहा, संजय गुप्ता मेरे अन्य पसंदीदा फिल्मकार हैं। मुझे लगता है कि वह अपनी सारी फिल्मों में किरदारों को खूबसूरती से प्रदर्शित करते हैं। मेरे अलावा, जॉन अब्राहम, इमरान हाशमी और मेरे प्यारे मित्र जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी और रोहित रॉय भी कई अन्य कलाकारों के साथ हैं। इस तरह की बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनना रोमांचक है।

इन मेगा प्रॉजेक्ट में काम करने से उन्हें अहसास होता है कि फिल्म इंडस्ट्री में वह अभी भी रेलवेंट हैं। उनका कहना है, इस तरह के किरदार मुझे उत्साहित करते हैं क्योंकि लोग धीरे-धीरे फिल्मों में विलन के किरदारों को भूल रहे थे और ये फिल्में स्क्रीन पर विलन के गौरव को वापस लाएंगी। अभी बन रही फिल्मों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है सिनेमा में बदलाव अच्छाई के लिए आया है। आजकल की फिल्मों में तकनीक का इस्तेमाल भी अधिक होता है। लोग अधिक नियमशील और व्यवस्थित होते जा रहे हैं, इसलिए मैं खुश हूं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



दो फिल्मों के बीच फंसी जाह्नवी कपूर

ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अकसर जिम के बाहर पपराजियों को मुसकुराते हुए पोज देती नजर आती हैं। लेकिन जिन के अंदर वह इन दिनों कितनी कड़ी मेहनत कर रही हैं यह कम ही लोग जानते हैं। जाह्नवी कपूर दो फिल्मों की तैयारी कर रही हैं और दोनों ही के लिए उन्होंने काफी वेट चेंज किया है। जाहिर है किसी के लिए भी यह काम इतना आसान नहीं होता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार जाह्नवी कपूर गुंजन सक्सेना की बायॉपिक कारगिल गर्ल और राजकुमार राव स्टारर रूही आफजा की शूटिंग के बीच बैलेंस बैठाने की कोशिश कर रही हैं। कारगिल गर्ल के लिए उन्होंने पहले अपना वजन बढ़ाया था। इस किरदार के लिए उन्हें थोड़ी स्ट्रॉन्ग बॉडी बनानी थी। इसके बाद रूही आफजा के लिए जाह्नवी ने करीब 10 किलो वजन कम किया। इतना ही नहीं अब वह कारगिल गर्ल के लिए फिर से मसल्स बना रही हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी कपूर हफ्ते में 6 दिन तीन घंटे वर्कआउट कर रही हैं। उनकी पीठ में भी चोट लगी है जिसके कारण उनका जिम सेशन मॉनिटर किया जा रहा है। जाह्नवी की ट्रेनर नम्रता पुरोहित ने बताया कि उन्हें मीठा काफी पसंद है। उनकी मां ने जाह्नवी के लिए गुड़ और नट्स वाले हेल्दी लड्डू बनाए हैं। उन्हें दिन में एक लड्डू खाने की इजाजत है लेकिन अकसर वह तीन-तीन खा जाती हैं।

श्रीदेवी के चालबाज वाले किरदार को निभाना चाहती हैं करीना कपूर

बॉलिवुड की बेहतरीन अदाकारा रहीं श्रीदेवी से शायद ही कोई वर्तमान हिरोइन प्रेरित नहीं होगी। अपने पूरे करियर में श्रीदेवी ने हर जॉनर के अलग-अलग किरदारों से सभी को प्रभावित किया था। करीना कपूर भी श्रीदेवी से बचपन से ही प्रभावित रही हैं। हाल में उन्होंने यह बताया है कि वह भी श्रीदेवी के निभाए एक किरदार को पर्दे पर निभाना चाहती हैं। टीवी रिऐलिटी शो डांस इंडिया डांस के एक हालिया एपिसोड में करीना कपूर ने कहा कि वह फिल्म चालबाज में निभाए गए श्रीदेवी के डबल रोल को करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह अभी तक लगभग 35 बार इस फिल्म को देख चुकी हैं और किसी फिल्म में डबल रोल करना चाहती हैं। इस बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, मैं हमेशा से ऐसी फिल्म करना चाहती हूं जिसमें मैं सीता और गीता या चालबाज की तरह डबल रोल कर सकूं। मुझे आज तक ऐसे डबल रोल का ऑफर ही नहीं आया जोकि बहुत अजीब है। मेरी दिली इच्छा है कि मैं भी कोई ऐसा किरदार निभाऊं। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर के पास इस समय कई फिल्में हैं। वह अक्षय कुमार के ऑपोजिट फिल्म गुड न्यूज में काम कर रही हैं जिसमें कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इसके अलावा वह इरफान खान के साथ फिल्म अंग्रेजी मीडियम में भी काम कर रही हैं। साथ ही, करीना कपूर को करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म तख्त में भी एक महत्वपूर्ण रोल ऑफर किया गया है।